47th
Year in the Service of Mankind

Bharat Vikas Parishad

May 2011 No.5 Vol XXXXI

वैशाख–ज्येष्ठ 2068

नीति Niti

Mouth piece of Bharat Vikas Parishad with a circulation of 45000

National President
RAVINDRA PAL SHARMA
PH: 022-28225252 (MUMBAI)

National Working President
ISHWAR DATT OJHA
PH: 011-25550082 (DELHI)

National Secretary General & Chief Editor
SURINDER KUMAR WADHWA
MOB. :9811028486 RESI : 011-27484697 (DELHI)

National Finance Secretary
DR. KANHAIYA LAL GUPTA
MOB. : 9837181558 RESI : 0571-2743213 (ALIGARH)

National Organising Secretary
HARISH JINDAL
PH : 0120-3147194 (GHAZIABAD)

Chairman Prakashan
MAHESH CHANDER SHARMA
MOB : 9911366200 RESI : 011-23693036 (DELHI)

Managing Editor Niti
DR. DHARAM VIR SETHI
PH: 0124-4110310 (GURGAON)

National Secretary, Website & Prakashan
ATAM DEV
PH: 011-27316049, 27313051(DELHI)

Editor
RAM PARKASH KAUSHIK
MOB. 9873174440 RESI : 011-47083459 (DELHI)

Niti e-paper : This issue is also available on Parishad's website www.bvpindia.com

Published & Printed by I.D. Ojha for BHARAT VIKAS PARISHAD, Bharat Vikas Bhawna, Plot No. MS-14 AD/BD Block, (Adjoining BD-87), Pitampura, Delhi-110034 Editor : Suresh Chandra and Printed at : BHAWNA PRINTERS, A-26, Naraina Industrial Area, Phase-II, Delhi-110028 Ph.: 9871577322

चिन्तन

जिसके आगे लोग झुकते हैं, वह महापुरुष नहीं;
महापुरुष वह है, जो स्वयं चार के आगे झुकना जानता है।

CONTENTS

1. सम्पादकीय 2
2. Workshops/Meetings 3
3. Calendar of Activities 4
4. राष्ट्रीय प्रौढ़ संस्कार शिविर 5
5. धर्म और संस्कार 6
6. संस्कृति सप्ताह : मार्गदर्शिका 7
7. National Events/Programmes 8
8. राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता : मार्गदर्शिका 9
9. GVCA : Guidelines for Branches 11
10. Seminars-Guidelines 13
11. भारत को जानो: मार्गदर्शिका 15
12. गुरुवंदन छात्र अभिनन्दन 16
13. नई शाखाएँ 16
14. विकलांग सहायता 17
15. चिकित्सा शिविर 19
16. पर्यावरण 24
17. List of Donors (Leh-Ladakh) 24
18. विविध गतिविधियाँ 25
19. श्रद्धांजलि 36

मई मास के पर्व एवं कार्यक्रम

1 : मई दिवस, श्रम दिवस, महाराष्ट्र, गुजरात राज्य दिवस 2 : गुरु अर्जुनदेव जयन्ती 3 : मुनि शुकदेव जयन्ती, प्रैस स्वतंत्रता दिवस 4 : गुरु अंगददेव जयन्ती 5 : भगवान परशुराम एवं छत्रपति शिवाजी जयन्ती 6 : बद्रीनाथ-केदारनाथ यात्रा 8 : आद्य शंकराचार्य, सूरदास जयन्ती : सोमनाथ प्रतिष्ठा दिवस, रेडक्रास डे, मदर्स डे 9 : रामानुजाचार्य जयन्ती 10 : चित्रगुप्त जयन्ती 12 विश्व नर्स दिवस 17 : बुद्ध पूर्णिमा 19 : महर्षि नारद जयन्ती, वीणा दान 22 : राजा राममोहन राय जयन्ती/गुरु अमरदास जयन्ती 31 : धूम्रपान निषेध दिवस

1.5.11 : Workshop of Elected Prant Office bearers.
15.5.11: National Workshop-Organisational matters.
29.5.11: Workshop for Sanskar Karya.

Central & Regd. Office:
BHARAT VIKAS BHAWAN
Behind Power House,
Pitam Pura, Delhi -110034
Ph: 011-27313051, 27316049 Fax: 011-27314515
e-mail : bvp@bvpindia.com website : www.bvpindia.com

Price : Rs. 10.00 Per Copy
Annual Subscription : Rs. 100.00

हमारे पुरोधा

ऋषि-मुनियों, साधु-सन्तों, बुद्धि-जीवियों, लेखकों, कवियों, साहित्यकारों, समाज-सेवियों और प्रभु-भक्तों के लिए आर्यावर्त की यह धरती सदा उर्वरा रही है और ऐसी महान् विभूतियाँ समाज के लिए वन्दनीय और अनुकरणीय रही हैं। अस्तु! जब भी ऐसे महापुरुषों की जयन्ती मनाई जाती है तो मन आह्लादित हो उठता है।

मई मास में तो लगभग ऐसी बारह महान् आत्माओं की जयन्तियाँ मनाई जानी हैं। गुरु अर्जुन देव (2.5), सिक्खों के पंचम गुरु एवं ग्रन्थ-साहब के संकलन कर्ता; गुरु नानक का उत्तराधिकारी एवं लंगर-पद्धति का शुभारम्भ करने वाले गुरु अंगद देव (4.5) और गुरु ग्रन्थ साहब में जिनकी वाणी का संकलन है ऐसे गुरु अमरदास (23.5) सरीखे गुरु तो सिक्ख सम्प्रदाय के दस गुरुओं में अपनी विशेष पैठ बनाए हुए हैं। उनकी वाणी का पाठ निरन्तर गुरुद्वारों में सुनने को मिलता है। मुनि शुकदेव (3.5) से सम्बन्धित धार्मिक कथाएँ नारी-वर्ग के लिए विशेष रूप से मन्दिरों में सुनाई जाती हैं। विष्णु के अवतार और अपने 'फरसे' के कारण प्रसिद्ध भगवान परशुराम (5.5) और मुग़ल सम्राट के छक्के छुड़ाने वाले समर्थ गुरु रामदास के शिष्य छत्रपति शिवाजी (5.5) से कोई अभागा ही होगा जो परिचित न हो। महाकवि भूषण ने शिवाजी के त्रास का एक अनूठा आलंकारिक चित्रण प्रस्तुत किया है:

ऊँचे घोर मन्दिर के अन्दर रहन वारी।
ऊँचे घोर मन्दिर के अन्दर रहाती हैं॥
कन्दमूल भोग करें कन्द मूल भोग करें।
तीन बेर खाती थीं वे तीन बेर खाती हैं॥
भूषण शिथिल अंग-भूषण शिथिल अंग।
नगन जड़ाती थीं वे नगन जड़ाती हैं॥

मराठा सरदार शिवाजी को भारतीय अस्मिता की रक्षा के लिए हम नमन करते हैं।

लगभग सभी धर्मावलम्बी अद्वैतवाद के प्रवर्तक एवं चार धामों की स्थापना करने वाले आद्य शंकराचार्य (8.5) को अपना धर्मगुरु मानते हैं। प्रज्ञाचक्षु महाकवि सूरदास (8.5) के तो कहने ही क्या।'सूरसागर' और 'भ्रमर गीत' की रचना कर यह कृष्ण भक्त कवि अमर हो गया। बाल कृष्ण के भोले पन की एक बानगी देखिए:

मैया मोरी मैं नहीं माखन खायो।
भोर भयो गैयन संग भटक्यौ, साँझ परे घर आयो।
ग्वाल बाल सब बैर परे हैं, बरबस मुख लपटायो।

आदि पंक्तियाँ पढ़ और सुनकर किसका मन पसीज नहीं उठेगा?

काँची में तत्वज्ञान प्राप्ति के उपरान्त विशिष्टाद्वैतवाद के सगुणोपासक रामानुजाचार्य (9.5) ने कहा था 'जिसने कभी (भग्वद्) प्रेम नहीं किया, वह भगवान की कृपा कभी प्राप्त नहीं कर सकता।' मानव के अच्छे-बुरे कर्मों का हिसाब-किताब रखने की बात आती है तो यमाचार्य के कार्यालय में नियुक्त चित्रगुप्त (10.5) का स्मरण हो आता है। 'करम गति टारे नाहिं टरै'। क्यों न अभी से सचेत हो जाएँ और शुभ कर्म करने आरम्भ कर दें। 'देहु शिवा वर मोहि अबै, शुभ कर्मन ते कबहूँ न टरुऊँ'। 'नारायण' 'नारायण' कहते और रटते हुए महर्षि नारद (19.5) बिना बुलाए सर्वत्र पहुँच जाते हैं और समस्याओं का समाधान भी प्रस्तुत करते हैं। हमारी धार्मिक कथाओं में महर्षि नारद और उनकी वीणा का विशेष स्थान है। शायद इसी कारण आज के दिन 'वीणा' वाद्य-यन्त्र का भी दान किया जाता है। राजा राम मोहन राय (22.5) का भी भारतीय विचार धारा के प्रसार में विशेष योगदान रहा है।

बौद्ध धर्म के प्रणेता महात्मा बुद्ध (17.5) का जन्म लुम्बिनी में हुआ था और बोध-गया में ज्ञान प्राप्ति। डाकू अंगुलिमाल को सन्त बनाने वाले महात्मा बुद्ध का न केवल अपने देश में अपितु अन्य देशों में भी वर्चस्व बना हुआ है। सारनाथ में प्रथम प्रवचन देते हुए उन्होंने 'धर्मचक्र प्रवर्तन' की स्थापना की। आज भी बौद्ध मन्दिरों और मठों में इन के अनुयायी चक्र घुमाते हुए दिखाई पड़ते हैं। अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले महात्मा बुद्ध के धर्मग्रन्थ त्रिपिटक के मूल मन्त्र हैं:

बुद्धं शरणं गच्छामि।
धम्मं शरणं गच्छामि।
संघं शरणं गच्छामि।

पाश्चात्य संस्कृति का अन्धानुकारण करते हुए भारतवासियों ने भी कुछ दिनों को विशिष्ट नाम दे दिए हैं। जैसे 'मई डे,' 'प्रैस स्वतन्त्रता दिवस,' 'रेड क्रास डे' 'मदर्स डे,', 'विश्व नर्स दिवस,' 'धूम्रपान निषेध दिवस' आदि आदि। क्या मई दिवस (1.5) को ही श्रम दिवस समझना चाहिए। क्या अन्य दिनों में श्रम करने की मनाही है। ऐसा नहीं, वस्तुत: 'परिश्रमेण हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथै':- परिश्रम तो हर समय करना ही होता है। प्रैस की स्वतन्त्रता (3.5) तो सदा रहनी चाहिए ताकि लेखनी कुन्द न हो जाए और जनता जागरूक बनी रहो। 'रेड क्रास डे (8.5) और 'नर्स दिवस' (12.5) यद्यपि स्वास्थ्य से जुड़े हैं फिर भी इन सेवाओं की निरन्तर आवश्यकता

रहती है। 'मदर्स डे' (8.5), 'फ़ादर्स डे' कह कर तो मानों माता-पिता के लिए मात्र एक दिन ही सीमित कर दिया गया हो। भारतीय संस्कृति तो 'मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, अतिथि देवो भव' की संस्कृति है। माता-पिता तो अहिर्निश पूजनीय हैं। केवल एक ही दिन उन्हें बधाई-कार्ड भेज कर सन्तुष्ट नहीं होना चाहिए। धूम्रपान निषेध (31.5) के सम्बन्ध में तो प्रचार निरन्तर होता रहना चाहिए कि स्वास्थ्य के लिए यह कितना हानिकर है। आइए! हम कूप-मण्डूक न बनें परन्तु इन दिवसों की महत्ता को निरन्तर प्रचारित करते रहें।

कतिपय राज्यों के लिए भी उनका जन्म दिन अर्थात् स्थापना दिवस महत्व रखता है। मराठी मानुस के लिए महाराष्ट्र (1.5), गुजराती भाई के लिए गुजरात राज्य (1.5) की स्थापना गौरव का विषय है। परन्तु उन्हें एक बात अवश्य ध्यान में रखनी होगी-भाषाई दृष्टि से राज भाषा का चाहे महत्व हो परन्तु राष्ट्र की संगठनात्मक दृष्टि से राष्ट्र भाषा हिन्दी को सर्वोपरि स्थान देना होगा। भारतेन्दु ने ठीक ही कहा था:

निज भाषा उन्नति अहे सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान के मिटे ने हिय को शूल॥

यहाँ निज भाषा से तात्पर्य है राष्ट्र भाषा।

उपरोक्त विचारों को लिपिबद्ध करने का उद्देश्य यह है कि जब भारत विकास परिषद् की शाखाएँ संस्कृति सप्ताह (मास) के कार्यक्रम निश्चित् करें तो इन विषयों से भी कुछ बिन्दु चुने जा सकते हैं जैसे महापुरुषों की जीवनी, राष्ट्रभाषा का महत्व, धार्मिक स्थल, कव्य-पाठ, कथा वाचन आदि-आदि। सभी सचिवों से ऐसी अपेक्षा बनी रहेगी।

आइए! भारतीय संस्कृति के 'संस्कार' पक्ष को सदा प्राथमिकता दें, यही परिषद् का लक्ष्य है।

- डॉ॰ धर्मवीर सेठी

ALL CONCERNED OFFICE BEARERS ARE REQUESTED TO PLEASE ATTEND THE RESPECTIVE WORKSHOPS, MEETINGS AT CENTRAL OFFICE, BHARAT VIKAS BHAWAN, BD-BLOCK, BEHIND POWER HOUSE, PITAM PURA, DELHI

S. NO.	WORKSHOPS/MEETINGS	DATE	TIME
1.	**Workshop of Elected Prant Office Bearers** (Presidents, Secretaries & Treasurers of All Prants)	1st May, 2011	10 AM to 5 PM
2.	**National Workshop Organisational Matters** (All Add. Org.Secretaries, National Secretaries Vistar, Conveners Vistar & Zone/Prant Organising Secretaries)	15th May, 2011	10 AM to 5 PM
3.	**Workshop for Sanskar Karya** (National Chairmen, Vice Chairmen, National Secretaries,Conveners & Zone/Prant Secretaries Sanskar Karya)	29th May, 2011	10 AM to 5 PM
4.	**Workshop for Sampark Karya** (National Chairmen, Vice Chairmen, National Secretaries,Conveners & Zone/ Prant Secretaries Sampark Karya)	5th June, 2011	10 AM to 5 PM
5.	**Workshop for Sewa Karya** (National Chairmen, Vice Chairmen, National Secretaries ,Conveners & Zone/Prant Secretaries Sewa Karya)	12th June, 2011	10AM to 5 PM
6.	**Workshop for Finance/A/c & Audit** (National Chairmen, Vice Chairmen, National Secretaries,Conveners & Zone/Prant Secretaries Finance, A/c & Audit)	3rd July, 2011	10 AM to 5 PM

Please make sure your participation and inform the Central Office accordingly.

- **Surinder Kumar Wadhwa**, National Secretary General

CALENDAR OF ACTIVITIES: 2011-12

April 2011
1. Installation Meetings
2. Presentation and approval of the accounts
3. Membership Drive
4. Finalising of Calendar of activities for the whole year
5. Remitting of Central / Prant Share
6. Seminars

May
1. Workshop for Office Bearers
2. Membership Drive
3. Zonal Coordination Committee Meetings
4. Remitting of Central / Prant Share
5. Bal Sanskar Shivir
6. Seminars

June
1. Membership Drive
2. Remitting of Central / Prant Share
3. Bal Sanskar Shivirs
4. Seminar
5. Yuva Shivirs/Programmes
6. Seminars

July
1. Foundation Day Celebration (10th July)
2. Sanskriti Saptah (July - August)
3. Tree Plantation
4. Yuva Shivirs/Programmes

August
1. Independence Day Celebrations
2. Tree Plantation
3. N.S.G.S.C. - Branch Level
4. Bharat Ko Jano Competition- Branch Level
5. Sanskriti Saptah
6. N.G.S.C. - Branch Level

September
1. N.G.S.C Branch Level
2. N.S.G.S.C. - Branch Level
3. Zonal Executive Meetings
4. Guru Vandan Chhatra Abhinandan
5. Bharat Ko Jano Competition Branch level

October
1. N.G.S.C.- Prant Level
2. N.S.G.S.C.- Prant Level
3. Parivar Sanskar Shivir- All India Level

November
1. N.G.S.C.- All India Level
2. Guru Tegh Bahadur Balidan Diwas
3. Bharat Ko Jano - Prant Level
4. Zonal Coordination Committee Meetings

December
1. National Conference
2. N.S.G.S.C.- All India Level

January 2012
1. Prant Level Elections
2. Republic Day Celebration
3. Bharat Ko Jano - All India Level Competition
4. Vivekanand Birthday Celebrations
5. Zonal Executive Meetings

February
1. National Governing Board Meeting
2. Annual Elections of the branches

March
1. Annual Elections of the branches
2. Prantiya Council Meeting
3. Praudh Sanskar Shivir-All India Level

Notes :
1. Viklang Camps / Eye Care Camps /Sanskar Pradan Competitions & Seminars should be held throughout the year, whenever convenient.
2. Each branch should adopt at least one village/slum and rehabilitate at least 10 viklangs during the year.
3. Each branch must have at least one permanent project.
4. Many more programmes should be arranged, if possible.
5. To ensure remittance of Central/Prant share by 30th June as first installment and full & final payment by 30th September, 2011 positively.
6. To increase the Parishad's programmes.
7. To contact electronic media/print media and dignitaries in the area to give wide publicity and larger participation of the elite of the society in the Parishad's Programmes.
8. To arrange lectures / Seminars on the subjects of Public and National interest.

-**Surinder Kumar Wadhwa**, National Secretary General

राष्ट्रीय प्रौढ़ संस्कार शिविर ग्वालियर

17वां राष्ट्रीय प्रौढ़ संस्कार शिविर 5-6 मार्च 2011 को बोस्टन कॉलेज परिसर ग्वालियर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति एम॰ रामाजोइस (पूर्व राज्यपाल झारखण्ड), मुख्य वक्ता गायत्री परिवार के डा॰ अमल कुमार दत्ता, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री ईश्वर दत्त ओझा, उपाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सभरवाल, राष्ट्रीय महामंत्री श्री सुरेन्द्र कुमार वधवा तथा प्रौढ़ संस्कार शिविर के राष्ट्रीय प्रकल्प अध्यक्ष एस॰एन॰ शर्मा उपस्थित थे।

अतिथियों का स्वागत प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अशोक बांदिल ने किया, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर परिषद् के चल रहे कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला तथा प्रौढ़ संस्कार शिविर की आवश्यकता पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

मुख्य अतिथि जस्टिस श्री एम॰ रामाजोइस ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में धैर्य एवं संस्कार महत्वपूर्ण हैं जो किसी भी धर्म में नहीं हैं। स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि समाज के लिए जीना है, इंडिया को भारत बनाने की ज़रूरत है। यदि देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करना है तो संस्कार से ही संभव है, कानून से नहीं। उन्होंने अच्छी आदतों को बढ़ाने और बुरी आदतों को कम करने पर भी ज़ोर दिया। हम सभी ने समाज व देश से बहुत कुछ लिया है तथा अब हमको समाज को क्या देना है यही प्रौढ़ संस्कार का विषय है।

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वर दत्त ओझा ने उपस्थित प्रौढ़ लोगों को उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की सलाह दी तथा यह भी आग्रह किया कि उन्होंने जो भी संजोया है वह समाज को बाँटें। उन्होंने समय, ज्ञान, धन तथा योग्यता के दान पर ज़ोर दिया।

शिविर विभिन्न सत्रों में विभाजित था जिसमें अलग-अलग विद्वान् वक्ताओं ने अपने विचार रखे। शिविर में पधारे सभी प्रतिभागियों को इस अवसर पर ग्वालियर भ्रमण भी कराया गया। प्रतिभागियों को इस दौरान शिवाजी विश्वविद्यालय परिसर में पूर्व से चल रहे कार्यक्रम में आर्ट ऑफ़ लिविंग के प्रणेताश्री श्री रविशंकर जी महाराज को भी सुनने का सुअवसर मिला।

शिविर में सम्पूर्ण देश से लगभग 164 प्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। शिविर के सभी प्रतिभागियों ने शिविर की व्यवस्थाओं के लिए आयोजन की सराहना की तथा सभी लोग शिविर की मधुर स्मृति लिए अपने-अपने शहरों को रवाना हुए।

शिविर में ग्वालियर की सभी शाखाओं के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा तन-मन-धन से सहयोग करके शिविर आयोजन को सफल बनाया।

UTKRISHTATA SAMMAN 2009-10

(In memory of Dr. Suraj Prakash, Founder Secy. General)

The Samman for the year 2009-10 is to be awarded for excellent work done in the field of **Village Development** (ग्राम विकास)।

Any individual/organization involved in the above work is eligible for this Samman. Kindly send nominations by 31.05.2011 to Bharat Vikas Parishad, Bharat Vikas Bhawan, Behind Power House, Pitampura, Delhi-110034, Ph.: 011-27313051, 27316049, E-mail : bvp@bvpindia.com

Harish Jindal,Chairman **Surinder Kumar Wadhwa** - National Secretary General

धर्म और संस्कार

धर्म शब्द के अनेक अर्थ हैं। **धर्मकर्त्तव्य** जैसे माता-पिता की आज्ञा का पालन करना पुत्र का धर्म है। गुरु के बताए मार्ग पर चलना शिष्य का धर्म है। **धर्मस्वभाव** या गुण जैसे-आग का धर्म है जलाना। पानी का धर्म है गीला करना।

ऋषियों ने धर्म की परिभाषा करते हुए बताया है कि जिससे सांसारिक तथा आध्यात्मिक उन्नति हो, वह धर्म है। अर्थात् वे विचार, सिद्धांत, नियम और आचरण धर्म कहलाते हैं जिनसे मनुष्य की सांसारिक, सामाजिक उन्नति के साथ आत्मिक उन्नति भी हो। संपूर्ण जीवन धर्म-कर्म के अन्दर आता है। कुछ लोग पूजापाठ को ही धर्म समझते हैं।

अंग्रेज़ी शब्द **'रिलिजन'** तथा उर्दू **'मज़हब'** बहुत संकुचित हैं। इनमें धर्म की व्यापकता नहीं है। इसलिए धर्म को रिलिजन या मज़हब समझना भूल है।

हिन्दु धर्म के अनुसार ईश्वर को पाने के अनेक मार्ग हैं। हर मनुष्य अपनी रुचि, शक्ति और योग्यता के अनुसार मार्ग यानी उपासना (पूजा) पद्धति अपना सकता है। इसलिए हिन्दुओं में अनेक प्रकार की पूजा पद्धतियाँ पाई जाती हैं, परन्तु उनमें आधारभूत एकता और सद्भावना है।

हिन्दु धर्म अत्यंत लचीला है। अपने मुख्य सिद्धांतों में परिवर्तन किए बिना, यह बदली हुई परिस्थिति के अनुरूप स्वयं को ढाल लेता है। हिन्दु धर्म चिर पुरातन होने के साथ ही साथ नित्य नूतन भी है। धर्म बुद्धि को बहुत महत्व देता है। वेदों के अनेक मंत्रों में ईश्वर से बुद्धि माँगी गई है। **गायत्री मंत्र में भी बुद्धि के लिए प्रार्थना की गई है।**

हिन्दु धर्म किसी एक व्यक्ति पर आधारित नहीं है। हमारे धर्म में भगवान राम और कृष्ण का बड़ा ऊँचा स्थान है। परन्तु हमारा धर्म उन पर निर्भर नहीं है, वह तो उनके भी पहले से है।

हिन्दु धर्म मनुष्य को आर्य या श्रेष्ठ बनाता है। सबसे पहले आर्य ऋषियों के हृदय में ही इस धर्म का ज्ञान परमेश्वर ने दिया। इसलिए इसको **आर्य धर्म** भी कहा जाता है।

वेद संसार के सबसे पुराने ग्रंथ हैं। सबसे पहले वेदों में ही इसका वर्णन मिलता है इस कारण इसको **वैदिक धर्म** कहा जाता है। हमारा समाज पहले आर्य कहलाता था। आजकल इसको हिन्दू समाज के नाम से जाना जाता है। आजकल इस धर्म को हिन्दू लोग ही मानते हैं, इसलिए उसको हिन्दू धर्म भी कहा जाता है।

हमारे धर्म को मानव धर्म, आर्य धर्म, वैदिक धर्म, सनातन धर्म और हिन्दू धर्म आदि अनेक नामों से जाना जाता है।

धर्म ग्रंथों में नारी का स्थान पुरुष से ऊँचा बताया गया है। नारी चाहे माता, पत्नी, बहन या पुत्री के रूप में हो, सदैव आदरणीय है।

यत्र नार्यस्तु पूज्यते रमंते तत्र देवता।

यत्रैतास्तु न पूज्यंते सर्वदास्तत्राऽफला क्रियाः।।

जहाँ नारी का आदर होता है, वहाँ देवता रहते हैं। जहाँ उनका आदर नहीं होता, वहाँ सारे कार्य निष्फल होते हैं।

हिन्दू धर्म में **संस्कारों** का बहुत बड़ा महत्व है। वेद-पुराणों तथा धर्मशास्त्रों में संस्कारों की आवश्यकता बतलाई गई है। ये संस्कार हमें हमारे पूर्वजों से मिले हैं। संस्कारों से हमारी आत्मा, हमारा अंतः करण शुद्ध होता है। जिस प्रकार अनेक रंगों का उचित उपयोग करने पर चित्र में सुन्दरता, आकर्षण एवं पूर्ण वास्तविकता आ जाती है उसी प्रकार संस्कारयुक्त होने से मनुष्य की बुद्धि और मन में सात्विकता एवं सर्वजनप्रियता का संचार होता है तथा उसको वास्तविक सुख-शान्ति के पथ का अनुभव होता है। अतः हमें अपने को पूर्णतः विधिपूर्वक संस्कारों से सम्पन्न करना चाहिए। हमारे सभी संस्कारों का समूह ही हमारी संस्कृति है। हमारी भारतीय संस्कृति में संस्कारों का बड़ा महत्व बताया गया है। शास्त्रों में संस्कारों को धर्म का बीज कहा जाता है। जैसे बीज से वृक्ष की उत्पत्ति होती है, उसी तरह संस्कारों से हमारे कर्म प्रकट होते हैं। और मानव का विकास होता है।

- महेश चन्द्र शर्मा

उत्कर्ष ग़ाज़ियाबाद, पश्चिमी उत्तर प्रदेश : शाखा द्वारा पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा 10 जुलाई से आरम्भ होकर 22 जुलाई 2011 को वापस आयेगी। केवल 12 दिन में दिल्ली से दिल्ली कुल यात्रा खर्चा रु. 95500/- सरकारी कर एवं हवाई जहाज यात्रा खर्च सहित होगा। यात्रा में एक कदम भी पैदल नहीं चलना पड़ेगा। 70 वर्ष की आयु तक के परिषद् परिवार के इच्छुक सदस्य रु. 25000/- तथा अपने पास पोर्ट की कॉपी तुरन्त जमा करायें - सम्पर्क करें : 9810192728

संस्कृति सप्ताह - मार्गदर्शिका

संस्कृति सप्ताह परिषद् के पांचों स्तम्भ सूत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण का जीवन्त मूर्त रूप है। यह परिषद् के अत्यन्त लोकप्रिय कार्यक्रम 'विकास सप्ताह' 'परिषद् सप्ताह' के नाम से जाना जाता था। वर्ष 1986 में देश की अधिकांश शाखाओं में पूर्ण उत्साह से इसका आयोजन हो रहा है।

मूलतः संस्कृति सप्ताह परिषद् का प्रचार-प्रसार एवं जन-सम्पर्क का प्रमुख कार्यक्रम है। किसी संस्था द्वारा लिये जाने वाले कार्यक्रम उस संस्था की पहचान होते हैं तथा उससे प्रभावित होकर लोग उस संस्था से जुड़ते हैं। भारतीय संस्कृति एवं संस्कार युक्त कार्यक्रम समाज के सम्मुख रखकर परिषद् का नाम और प्रतिष्ठा बढ़ाना ही संस्कृति सप्ताह को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य है।

महिलायें समाज का अत्यन्त महत्वपूर्ण अंग हैं। बिना उनकी सक्रिय भागीदारी के समाज के सर्वांगीण विकास की कल्पना बेमानी है। परिषद् अपने स्थापना काल से ही इस महत्वपूर्ण बिन्दु पर सचेत है, इसीलिये परिषद् की सदस्यता एकल न होकर दम्पत्ति की है अर्थात् पति या पत्नी के सदस्य बनते ही उसका जीवन साथी भी परिषद् का सदस्य हो जाता है। महिलायें आगे बढ़ें, समाज के कार्यों में उनकी रुचि बढ़े, उत्तरदायित्व की भावना में वृद्धि हो और वे समाज की अग्रिम पंक्ति में अपना स्थान बनायें इस विचार से संस्कृति सप्ताह का आयोजन महिला सदस्यों द्वारा पुरुष सदस्यों के सहयोग से सम्पादित किया जाता है।

शाखायें स्वतंत्र हैं परन्तु कार्यक्रम परिषद् की मूल भावना के अनुरूप हों एवं समाज के सभी लोगों का हित देखते हुए लिये जायें। संस्कृति सप्ताह के राष्ट्रीय पुरस्कार की पात्रता हेतु शाखाएँ कार्यक्रमों का चयन करती हैं।

विचारणीय बिन्दु

क्षेत्र की भूमिका : क्षेत्रीय-महामंत्री एवं मंत्री संपर्क अपने क्षेत्र के प्रान्तों के महासचिवों एवं संयोजक संस्कृति -सप्ताह को प्रेरित करें कि वे अपने प्रान्त की शाखाओं के सतत् संपर्क में रह कर उन्हें संस्कृति सप्ताह के आयोजन हेतु प्रेरित करें तथा आख्या प्राप्त कर लें।

प्रान्त की भूमिका : प्रान्त की कार्यकारिणी गठित करते समय सक्रिय सुयोग्य महिला सदस्य को संयोजक संस्कृति सप्ताह नियुक्त कर दें एवं प्रान्तीय संयोजक का नाम, पता, फ़ोन नं० सहित क्षेत्रीय महामंत्री एवं केन्द्रीय कार्यालय हो भेज दें।

प्रान्त की परिस्थितियों एवं सुविधा की दृष्टि से इस हेतु निर्धारित त्रैमास जुलाई से सितम्बर में से किसी एक सप्ताह का चयन कर सभी शाखाओं से इन्हीं तिथियों में आयोजन हेतु अनुरोध करें ताकि पूरे प्रान्त में परिषद्मय वातावरण बन सके।

प्रान्तीय दायित्वधारी प्रान्तीय महासचिव की सहमति से शाखा कार्यक्रमों में अवश्य जायें ताकि उन्हें कार्यक्रमों की गुणवत्ता आदि की जानकारी हो सके। अपनी आख्या से वह प्रान्तीय महासचिव को अवश्य अवगत करा दें।

श्रेष्ठ आयोजन करने वाली शाखाओं को पुरस्कृत करें। दायित्वधारियों की आख्या पर विचार कर श्रेष्ठ आयोजन करने वाली शाखाओं का चयन कर सके।

अपने प्रान्त की आख्या 15 नवम्बर से पूर्व केन्द्रीय कार्यालय को निर्धारित प्रारूप में अवश्य भिजवा दें तथा प्रान्त द्वारा चयनित प्रथम आई शाखा की सूचना भी प्रेषित करें।

शाखा स्तर पर

1. देश की सभी शाखाओं में संस्कृति सप्ताह का आयोजन किसी महिला सदस्य की अगुवाई में होना चाहिये। सत्र के प्रारंभ में ही किसी सक्रिय सुयोग्य महिला सदस्य को संस्कृति सप्ताह का संयोजक आदि नियुक्त कर दें ताकि कार्यक्रम संयोजक नियुक्त करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। संयोजक का नाम, पता, फोन नं० सहित प्रान्त को सूचित करें।

2. प्रान्त द्वारा चयनित तिथियों में ही आयोजन करें।

3. सप्ताह में कम से कम पांच कार्यक्रम आयोजित करना आवश्यक है।

4. परिषद् परिवार में अनेक प्रतिभायें हैं। आवश्यकता है उन्हें उचित अवसर प्रदान कर आगे लाने की ताकि उनकी प्रतिभा समाज के सम्मुख आ सके और उसका समुचित उपयोग हो। इसलिये केन्द्रीय नेतृत्व ने संस्कृति सप्ताह में पारिवारिक, सांस्कृतिक आयोजन करना अनिवार्य कर दिया है। इसमें परिषद् सदस्य, परिषद् परिवार की महिलायें व बच्चे ही भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति, लोक संस्कृति आदि पर आधारित होने चाहियें।

5. 15 अक्टूबर तक अपने प्रान्तीय महासचिव को अपने आयोजन की आख्या निर्धारित प्रारूप में अवश्य भेज दें। इस के साथ आयोजन का आमंत्रण पत्र, फोटो, समाचार पत्रों की कटिंग अवश्य संलग्न करें।

6. शाखायें संस्कृति सप्ताह के कार्यक्रम निर्धारित करने हेतु स्वतंत्र हैं परन्तु इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कार्यक्रम सभी आयु, सभी वर्ग के लोगों के लिये हों तथा उनसे कहीं भी भारतीय संस्कृति व संस्कारों पर विपरीत प्रभाव न पड़े।

7. आपके कार्यों/आयोजनों का समुचित प्रचार-प्रसार हो इसलिये मीडिया का सहयोग अवश्य लें। संभव हो तो सप्ताह के प्रारंभ से पूर्व एक प्रेस वार्ता आयोजित कर समाचार पत्र प्रतिनिधियों (प्रिंट एवं इलैक्ट्रोनिक दोनों) को आयोजन की पूरी जानकारी दें। कार्यक्रमों में भी प्रेस को आमंत्रित करें तथा पूर्व में तैयार प्रेस नोट उन्हें दे दें ताकि उन्हें समाचार तैयार कते समय उपयुक्त जानकारी मिल सके।

8. संस्कृति सप्ताह मुख्यतः प्रचार-प्रसार एवं जन-संपर्क का कार्यक्रम है अस्तु समाज के सभी वर्ग के श्रेष्ठ लोगों को अपने आयोजनों में आमंत्रित करें। उन्हें परिषद् की जानकारी दें एवं अपने साथ जोड़ने का प्रयास करें।

कार्यक्रम सूची

1. सामयिक विषयों पर विचार गोष्ठी, परिचर्चा निबंध, भाषण एवं चित्र कला प्रतियोगितायें।

2. विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय कार्य करने वाले समाज के लोगों का सम्मान।

3. बच्चों के लिए भारतीय परिवेश के फैन्सी ड्रैस, नृत्य, गायन आदि।

4. विभिन्न खेल प्रतियोगितायें।

5. सामूहिक सरल विवाह, आयोजन अवधि में पड़ने वाले राष्ट्रीय एवं धार्मिक त्यौहारों का आयोजन। महिलाओं हेतु मेहन्दी, रंगोली, पूजा थाल सज्जा, पाक कला प्रतियोगिता। रेलवे स्टेशन पर स्वागत बोर्ड लगवाना। तुलसी आदि उपयोगी पौधों का वितरण एवं वृक्षारोपण।

6. समाज के सभी वर्ग के श्रेष्ठ जनों को परिषद् साहित्य उपलब्ध कराना। भजन संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम। बाल संस्कार शिविर, व्यक्तित्व विकास शिविर, प्रौढ़ संस्कार शिविर, परिवार संस्कार शिविर, वंदे मातरम् गायन प्रशिक्षण एवं गायन प्रतियोगितायें।

NATIONAL EVENTS / PROGRAMMES OF THE PARISHAD TO BE HELD DURING 2011-12

The Prants who are interested in hosting any one of the following National Event (s) / Programmes during 2011-12 are requested to please send their proposals to the Central Office at the earliest but not later than 15th May, 2011. However, the proposals from the Branch(s), if any, may please be sent through their respective Prants only.

S. No.	Event / Programme	Appx.No. of Participants	Probable Months
1.	National Utkrishtata Samman	500	July, 2011
2.	National Office Bearers' Meeting	60	August, 11
3.	National Parivar Sanskar Shivir	300	October, 11
4.	National Group-Song Competition (NGSC)	700	November,11
5.	National Conference	3000	December, 11
6.	National Sanskrit Group-Song Competition (NSGSC)	550	December,11
7.	Bharat Ko Jano Competition	400	January,2012
8.	National Governing Board Meeting	200	February, 12
9.	National Praudh Sanskar Shivir	300	March, 12

- **Surinder Kumar Wadhwa**, National Secretary General

"You Also Can Become a Writer"

Read a book on the above subject

by

Suresh Chandra

Anne Karen Trollope

Price Rs. 95/- Available in Central Office

राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता : मार्गदर्शिका

भारत विकास परिषद् जनमानस में देश-प्रेम की श्रेष्ठ भावना के जागरण के उद्देश्य से प्रतिवर्ष राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन करती है।

इस सम्बन्ध में आवश्यक विवरण व नियम निम्न प्रकार हैं:-

प्रतियोगी कौन

- इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।
- प्रतियोगिता में संगीत विद्यालयों को प्रवेश नहीं मिलेगा।

प्रतियोगिता का स्वरूप एवं नियम

प्रान्तीय स्तर तक 'चेतना के स्वर' पुस्तिका से चुने हिन्दी गीतों की प्रतियोगिता होगी। राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतियोगिता हिन्दी गीतों के अतिरिक्त प्रादेशिक भाषा में भी (देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों की) आयोजित होगी।

हिन्दी भाषा गीत प्रतियोगिता

1. हिन्दी के कुछ श्रेष्ठ चुने हुए गीतों को समाज में लोकप्रिय बनाने की दृष्टि से परिषद् द्वारा 'चेतना के स्वर' पुस्तिका बनाई गई है। हिन्दी भाषा गीत प्रतियोगिता में इसी पुस्तिका से चयनित गीत हिन्दी भाषा में ही प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
2. 'चेतना के स्वर' से लिया गया सम्पूर्ण गीत, बिना किसी अंश को छोड़ या जोड़ निश्चित् समय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
3. गीत के प्रस्तुतीकरण के समय गीत के भावानुसार अपने स्थान पर ही रहकर शरीर के हाव-भाव प्रदर्शन की अनुमति है।
4. भाग लेने वाली टीम, वादक व वाद्य यंत्र एवं वादकों में से प्रत्येक की अधिकतम संख्या तीन होगी। कोई भी विद्युत या बैटरी चालित यंत्र प्रयोग में नहीं लाया जा सकेगा। इन वाद्य यंत्रों के प्रयोग हेतु वादकों की संख्या, गीत गाने वाले विद्यार्थियों से अलग होगी।
5. एक टीम में गायकों की संख्या 6 से 8 (छात्र/छात्राएँ या दोनों) होगी।
6. प्रत्येक टीम को प्रतियोगिता में अपने समूहगान प्रदर्शन के लिए अधितकतम समय सात मिनट का मिलेगा। इसकी गणना गीत या संगीत जो भी पहले आरम्भ होगा, उससे की जाएगी। इस अवधि से अधिक समय लेने पर टीम द्वारा प्राप्त अंकों के योग में से 5 अंक काट लिए जाएँगे।
7. अधिकतम प्राप्तांक संख्या 100 होगी। ये अंक निम्न रूप से 20-20 के अंशों में बाँटे जायेंगे: संगीत संयोजना, स्वर, ताल, उच्चारण एवं प्रस्तुतीकरण।
8. वे स्वर रचनाएँ अधिक अच्छी समझी जायेंगी जो शास्त्रीय (हिन्दुस्तानी या कर्नाटक) संगीत से प्रेरित या लोकगीतों अथवा प्रादेशिक धुनों पर आधारित होंगी।
9. प्रतियोगिता में भाग लेते समय प्रत्येक टोली को किसी भी प्रकार की वेश-भूषा पहनने की अनुमति है, विद्यालय का बैज/बैल्ट, संकेत चिन्ह आदि का प्रयोग करना वर्जित है।
10. गीत प्रस्तुतिकरण से पूर्व मंच पर किसी भी प्रकार की भूमिका की अनुमति नहीं है।
11. प्रस्तुतिकरण के समय टीम द्वारा अपने विद्यालय का नाम बताना वर्जित होगा।
12. निर्णायक मण्डल में अनुभवी संगीतज्ञ, कला विशेषज्ञ व भाषा विद्वान् होंगे। परिषद् द्वारा घोषित माननीय निर्णायकों का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।
13. संयोजन समिति को राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता से सम्बन्धित किसी भी विषय में निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार होगा।

कुछ अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु:

- राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगता में ध्वनिवर्धक यंत्र (Loud speaker) का प्रयोग किया जा सकता है, परन्तु ये यंत्र स्टैण्ड पर रखने के बजाय मंच पर लटके हुए (Hanging Mike) होने चाहिए। वादकों को अलग से ध्वनिवर्धक यंत्र

(Mike) नहीं दिये जायेंगे।

- प्रतियोगिता के कुछ समय पूर्व टीम के प्रमुखों (Leaders) को एक विशेष बैठक में बुलाया जाएगा, जिसमें आयोजन समिति के संयोजक द्वारा सभी के सामने गीत प्रस्तुतिकरण के क्रम आदि का निर्णय ड्रॉ द्वारा किया जाएगा। संयोजक का निर्णय अन्तिम और सभी के लिए मान्य होगा।
- शाखा स्तर पर प्रथत आने वाली टीम ही प्रान्तीय स्तर पर व प्रान्त स्तर पर प्रथम आने वाली टीम ही अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगी। यदि किसी कारणवश प्रथम स्थान पाने वाली टीम भाग नहीं ले पाती तो द्वितीय स्थान पाने वाली टीम भाग ले सकेगी। परन्तु इसकी सूचना राष्ट्रीय प्रतियोगिता के संयोजक के पास पहले ही पहुँच जानी चाहिए।
- प्रत्येक टीम के साथ उसी विद्यालय के एक शिक्षक का आना अनिवार्य है।
- सभी टीमों के लिए पुरस्कार-वितरण समारोह में उपस्थित रहना अनिवार्य है।
- प्रस्तुति के समय टीम के सदस्यों को मंच पर जूते पहनकर जाने की अनुमति नहीं होगी।

राष्ट्रीय स्तर पर होनेवली (क्षेत्रीय) भाषा गीत प्रतियोगिता के नियमः-

1. राष्ट्रीय स्तर पर 'प्रादेशिक भाषा गीत प्रतियोगिता' ऐच्छिक है परन्तु 'चेतना के स्वर' के हिन्दी गीतों की प्रतियोगिता में भाग लेना अनिवार्य होगा।
2. राष्ट्रीय स्तर पर प्रादेशिक भाषा गीत प्रतियोगिता में, प्रान्त के 'चेतना के स्वर' के हिन्दी गीतों की प्रतियोगिता में प्रथम आयी हुई टीम ही भाग ले सकेगी।
3. प्रादेशिक भाषा के राष्ट्रीय गीत का चयन टोली स्वयं करेगी। जिस गीत का चयन करेंगे, वह देशभक्ति भाव का गीत होना चाहिए। प्रादेशिक रीति रिवाज़, शादी आदि के भाषा गीत मान्य नहीं होंगे। चयनित गीत का हिन्दी या अंग्रेजी अनुवाद प्रतियोगिता से पूर्व (ड्रॉ के समय) अनुमति देने हेतु जमा करना अनिवार्य होगा।
4. प्रादेशिक भाषा गीत प्रतियोगिता में प्रस्तुतिकरण के समय हाव-भाव दर्शाने की स्वतंत्रता है परन्तु स्थान बदलने की अनुमति नहीं है।
5. इस प्रतियोगिता के नियम व पुरस्कार राष्ट्रीय समूहगान (चेतना के स्वर) प्रतियोगिता के अनुसार ही होंगे।
6. इस प्रतियोगिता में उसी टीम के प्रतियोगी भाग ले सकेंगे जो कि राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

पुरस्कार व सम्मान

- प्रतियोगिता की विजेता टीमों के लिए अलग-अलग प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं प्रोत्साहन पुरस्कर होंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतियोगी को भी प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।

आवश्यक सूचना

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम को आने-जाने का किराया व सम्बन्धित व्यय स्वयं वहन करना होगा।

'चेतना के स्वर' पुस्तक

यह पुस्तक राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में गाए जाने वाले गीतों की राष्ट्रीय स्तर पर तैयार की गई पुस्तक है। सभी शाखायें, विद्यालयों में भेजे जाने वाले परिपत्र के साथ, अपनी ज़रूरत के अनुसार प्रान्त संयोजक के पास पुस्तक का तय किया हुआ शुल्क भेजकर समय पर इसे मंगा लें जिससे भाग लेने वाले विद्यालय को समय पर भेजकर उनको तैयारी के लिए समय दिया जा सके। शाखा स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टोली के प्रत्येक छात्र/छात्रा/वादक को 'चेतना के स्वर' पुस्तक अवश्य दें जिससे कि इस कार्यक्रम के उद्देश्य की पूर्ण रूप से पूर्ति हो सके।

खेरवाड़ा उदयपुर, राजस्थान दक्षिण : प्रान्तीय अधिवेशन 13 मार्च 2011 को सीमलवाड़ा (डूंगरपुर) में सम्पन्न हुआ, जिसमें शाखा को वर्ष 2010-2011 में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। सम्मानित मंचासीन अतिथियों द्वारा मीडिया प्रभारी पारस जैन, शाखा अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पण्ड्या, सचिव कमल प्रकाश जैन, कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल को सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। **- हर्दिक बधाई - सम्पादक**

GURU VANDAN-CHHATRA ABHINANDAN

GUIDELINES FOR BRANCHES

Objective: The primary purpose of this programme is to imbibe in the minds of children the idea of respecting their parents & teachers, whose blessings will enable them to be successful in life.

Methodology : The following will be done at brach level.If local conditions so require, the branches are free to bring in changes in these guidelines by keeping the objective in focus.

1. This programme is organised by the branches in schools, Colleges and other Institutions (SCIs) at a time convenient to their authorities on any day from 1st April to 15th Oct.
2. In the beginning of the year, the branch should appoint a member as Convener to get this programme organized at all or most of the SCIs in and around the branch area. The branch can cover SCIs of other areas/villages also if no other branch is covering such schools, colleges or any other institutions.
3. The Convener will form several groups, with a group leader, each consisting of 4 to 7 members by involving all the members of the branch (including spouses) and allot one or more SCIs to each group. It is to be ensured that the members visit at least one such SCI, which are in their neighbourhood.
4. The group leader with some members of his group will visit the SCIs with BVP literature.
   a) He will explain the entire programme to the Principal or other authority and decide the date, time and venue for the programme.
   b) Ascertain the number of students & teachers of SCI and make sure that almost all of them attend the programme.
   c) Obtain the names, residential addresses and contact numbers of students who are to be honourd (Suggested criteria for selection are given on next page). And send invitations to their parents for their presence on the programme day.

   About 10 days in advance the group leader will send invitations to the students and their parents and inform the Press/Media about the programme for their coverage. He/She will also request for coverage under "Today's Engagement" column.
5. About 2-3 days before the Programme, 3-4 banners will be put in and around the SCI premises that is to be visited.
6. On the Programme day, he/she will carry certificates, flowers, banners, cameraman, etc.
7. The Programme, preferably will be taken in General Assembly (wherever possible) and by and large it will be as follows:
   - Welcome by the School Principal.
   - Introduction of BVP and its activities at branch level by a BVP member.
   - Speech on significance of parents and Guru-by a BVP member.
   - Oath suggested hereunder to be taken by all the persons attending the programme.
   - BVP members honouring selected students by giving them certificates. Criteria for selection of students given on the next page.
   - Vote of Thanks-by a BVP member.
   - All the Students wil pay their respect to all of their teachers and take their blessings by touching their feet.
   - In case of large numbers, the students may be divided in several groups to take blessings from 1 or 2 teachers and the seating arrangement should be made accordingly to save time and avoid chaos.

- The Oath

8. After the programme the group Leader will send a report to the Press, if they have not covered, with photographs and also to the Central Office for NITI.
9. Members visiting the SCIs are required to prepare a report and submit it to the branch convener/ secretary.
10. Branch convener/secretary is required to organize "Teachers Meet" by inviting all the teachers of SCIs which participated in GVCA and felicitate selected teachers and students. (If not already honoured in General Assembly)

    Suggested criteria for selection teachers is given below.

    Branch Convener/Secretary is required to send a report to the prant.

Suggested Criteria for selection of Teachers & Students for Awards:

For Teachers:

A. Principal, Vice-Principal, Head Master/Mistress.
B. Who has been long in service with the School, SCI.
C. Whose efforts have been recognized/ awarded/honored by Central/State/Prestigious Institutions/Body in any field.
D. Who has been sent abroad in Teachers Exchange Program?
E. Who has authored books or written articles for good causes.
F. Who has excelled in any extra-curricular activities?
G. Whose subject result was 100% in the last Board/University/Institution Examination.

For Students:

A. Who has stood First in the Class.
B. Who is School Captain or House Captain or Sports Captain, etc.
C. Who has participated in the National/State/Parade on Independence Day or Republic day (15th August or 26th January)
D. Who has scored highest marks in the school in any subject in the Board/University/Institution Examinations.
E. Who has won in the National/State/Prestigious Competitions in any field.
F. Who has been honoured by Central/State/Prestigious Institutions.
G. Who possess Extra-ordinary talent in Sports, Cultural Activities, Painting, Arts & Crafts, Music, Debate etc.
H. Who has taken part in NCC, Junior Red Cross, Scouts & Guides, Mountaineering etc.

N.B. The programme should be held during the period 1st April to 15th October and report sent to Prant by 31st October.

OATH

(To be taken by all the persons present at the programme)

"I solemnly resolve that I will always pay due respect to my parents, teachers, women and elders. I will discharge my duties and responsibilities keeping in mind the national culture, traditions, moral values and civil rights. I will try to "be the best and make others too the best." Throughout my life I will neither smoke nor consume any narcotic product in any form."

SEMINARS

In a democratic Society free and fair intellectual discourse is needed to generate new ideas and working methodologies for the development of the society and the nation. In the conference, people of diverse fields present their views and in the lectures people just listen and can hardly enquire about a point. The mutual interaction remains scarce.Therefore to strengthen SAMPARK program with energetic and determined young graduates, post graduates, research scholars, professional graduates and other intellectual groups of the society, BVP decided to hold seminars on the contemporary subjects of national interest and welfare of humanity in the Institutions of Higher Education.

WHY THE SEMINARS

(a) Young and Energetic India: India is emerging as a world power. The economy is booming, flow of ideas is free and 70% population of India is young. It has largest scientific and technical man power in the world and is getting ready to land on the moon. It has nuclear power and controlled devices and leading in the information technology and software industry. Industrial sector is growing, buying industries in the world and developing innovative technologies. Education and medical sectors are expanding to reach every one. There is revolution in connectivity through roads, trains, air and electronic media.

(b) Spiritual Superiority: World bodies are accepting our spiritual knowledge, Ayurvedic treatment and Yog Vidya, Fine arts, music and dance are being appreciated, and Vedas and Upnishads are being studied. Modern science is converging to Indian philosophy. Indian minds are consistently proving their superiority in all walks of life. If Einstein gave the mass-energy relation for technological revolution, Gandhi gave the message of Truth and Non-Violence for universal peace and prosperity.

(c) Alienation of young educated: The young educated is unaware of our ancient language Sanskrit, *Rashtra Bhasha* Hindi and even their own mother tongue. They know little about Vedas, Upanishads, Ramayana, Mahabharat, Geetanjali and other great epics of all time and glorious past of India. Their knowledge of Indian mathematics, science, medicine, agriculture, philosophy, music and dance is limited. The fragmentary way of western life is their role model and sometimes they even hesitate to say that they are proud Indians.

The basic principles of Indian culture are sound and based on truth and morality. But culture is ever expanding and developing. We must keep our windows open to new ideas but should remain firmly rooted in our fundamentals.

EXISTING STUDENTS CONTACT PROGRAMS

BVP has NGSC, BKJ, BAL SANSKAR and SAKSHARTA projects which operate in the schools upto +2 levels. SEWA projects are for the general public. However BPV has no program for the students and teachers in the **Higher Education Institutions and other intellectual groups of the society.**

SEMINAR IN COLLEGES AND UNIVERSITIES

The students in these institution have voting right. All the political parties have active youth branches in these institutions. At the same time, students in these institutions are in a very sensitive age group. They are independent, self motivated, very energetic and trying their best to attain their goals. In general they know what they are doing and they are determined to achieve it. The intellectuals are the guiding forces. This group of young graduates and intellectuals will lead the nation in the coming decades. BVP has taken up the **contact** program through **Seminars** in this vibrant atmosphere.

ORGANIZATION OF SEMINARS

1. **Aim** : The aim is two fold : (a) to convince the young mind that you are the great citizens of India *(Shreshtha Bhartiya Nagrik).* You are the blessed ones that you are born and brought up in BHARAT BHUMI. (b) to reinforce **Bhartiya Sanskar** in the young, educated and intellectuals of the society.
2. **Targets:** (a) Young college/University students: Graduates, postgraduates, Research Scholars,

Professional graduates: Medical Engineering, Polytechnics, Computers, Business, Law, Pharmacy and other branches. (b) Intellectuals of the society: Teachers, Advocates, Doctors, Engineers, Chartered Accountants, Journalists, Authors, Artists etc.

3. **Subject of Seminars:** Seminar is a part of SAMPARK program. Therefore, the choice of subjects should be pertinent to the audience and the speaker. The students and intellectuals in these institutions may like to listen on the subjects of current interest in the fields of economy, management, science and technology, sports, prevailing social and political problems and other matters of national and international interest. The seminars on moral ethics will greatly influence the young minds. However the subject matter of these seminars should not violate our cultural and social value system.
4. **Seminar Venue:** The campus of Colleges, Universities and other Institutions of Higher Education.
